किसके? बापदादा के न कि माया रूपी चिड़ियों के। तो यह भी कोमल पत्ते हैं। कोमल पत्तों को कमाल करनी है। क्या कमाल करनी है? अपने ईश्वरीय चरित्र के ऊपर सर्व को आकर्षित करना है। अपने ऊपर नहीं, चरित्र के ऊपर। इस ग्रुप के ऊपर पूरा ध्यान है। इस ग्रुप को अपने ऊपर भी इतना ही ध्यान रखना है।

अच्छा !!!

==============================================================================

## QUIZ QUESTIONS

==============================================================================

प्रश्न 1 :- दृष्टि ठीक है या नहीं यह कैसे समझ सकते है ?

प्रश्न 2 :- हम विशेष आत्मायें है यह ईश्वरीय नशा सदैव क्यों रहना चाहिए ?

प्रश्न 3 :- समानता के लिए कौन सी दो बातें ध्यान में रखनी है ?

प्रश्न 4 :- टीका लगाने के कौन से दो राज है ?

प्रश्न 5 :- पास विद ऑनर किसको कहते हैं ?

FILL IN THE BLANKS:-

( औरों, आप, वृत्ति, देह, अनुभव, अपने, जादू, डिब्बियां, कोमल, आत्मिक, दिव्य, ईश्वरीय, चरित्र, अलौकिक, अभिमान )

1 बाप समान बनेंगे तब ही _____ को भी बाप समान बना सकेंगे। _____ _____ से पूछो कि दृष्टि बाप समान बनी है? वाणी और संकल्प बाप समान बने हैं?

2 _____ दृष्टि, _____ दृष्टि और _____ दृष्टि बनी है? जहाँ देखते, जिसको देखते वह आत्मिक स्वरूप ही दिखाई दे। ऐसी दृष्टि बदली है?

3 जो आपकी _____ में होगा वैसा अन्य आप की दृष्टि से देखेंगे। अगर वृत्ति _____ _____ की है, चंचल है तो आपकी दृष्टि से साक्षात्कार भी ऐसे ही होगा।

4 साक्षात्कारमूर्त बनो। देखने वाले ऐसे ____ करें कि यह नैन नहीं लेकिन यह एक _____ की _____ है।

5 _____ पत्तों को कमाल करनी है। क्या कमाल करनी है? अपने _____ _____ के ऊपर सर्व को आकर्षित करना है। अपने ऊपर नहीं, चरित्र के ऊपर।

सही गलत वाक्यो को चिन्हित करे:-

1 :- सहयोगी बनेंगे तो धोखा मिलता रहेगा।

2 :- वृत्ति न बदलने का कारण है दृष्टि का न बदलना।

3 :- दृष्टि बदल गयी तो कब धोखा नहीं देगी।

4 :- जितनी-जितनी समीपता उतनी समानता।

5 :- तिलक लगाना अर्थात् सदाकाल के लिए प्रतिज्ञा करना।

==========================================================================

QUIZ ANSWERS

==========================================================================

प्रश्न 1 :- दृष्टि ठीक है या नहीं यह कैसे समझ सकते है ?

उत्तर 1 :- इससे समझो कि दृष्टि ठीक है...

..❶ जिस दृष्टि में अर्थात् नैनों में खराबी होती है तो एक समय में दो चीज़ें दिखाई पड़ती हैं।

..❷ ऐसे ही दृष्टि पूर्ण नहीं बदली है तो यहाँ भी दो चीज़ें दिखाई पड़ती हैं। देही और देह। कभी वह कभी वह। कभी देह को देखते हैं कभी देही को।

..❸ जब नैन ठीक होते हैं तो जो चीज़ जैसी होती है वैसी ही यथार्थ रूप में दिखाई पड़ता है।

..❹ ऐसे ही यह दृष्टि भी जब बदल जाती है तो जो यथार्थ रूप है वह दिखाई पड़ता है।

..❺ यथार्थ रूप है देही न की देह। जो यथार्थ रूप है वह दिखाई दे।

**प्रश्न 2 :- हम विशेष आत्मायें है यह ईश्वरीय नशा सदैव क्यों रहना चाहिए ?**

उत्तर 2 :- हम विशेष आत्मायें है यह ईश्वरीय नशा सदैव रहना चाहिए क्योंकि...

..1 सारे विश्व के अन्दर विशेष आत्मायें हो।

..2 ऐसे तो नहीं समझते कि हम साधारण हैं। ऐसे कभी नहीं समझना।

..3 सारे विश्व के अन्दर विशेष आत्मायें कौन है? अगर आप विशेष आत्मायें न होती तो बाप ने अपना क्यों बनाया।

..4 अपने को विशेष आत्मा समझने से विशेषता आएगी।

..5 अगर साधारण समझेंगी तो कर्तव्य भी साधारण करेंगी।

..6 एक-एक आत्मा अपने को विशेष समझ औरों में भी विशेषता लानी है।

..7 तुम विशेष आत्मायें हो, यह नशा ईश्वरीय नशा है। देह अभिमान का नशा नहीं।

..8 ईश्वरीय नशा सदैव नैनों से दिखाई दे।

**प्रश्न 3 :- समानता के लिए कौनसी दो बातें ध्यान में रखनी है ?**

उत्तर 3 :- समानता के लिए यह दो बातें ध्यान में रखनी है...

..1 एक तो सदैव अपने को आधारमूर्त समझो। सारे विश्व के आधारमूर्त। इससे क्या होगा कि जो भी कर्म करेंगे जिम्मेवारी से करेंगे। अलबेलापन नहीं रहेगा। जैसे बापदादा सर्व के आधारमूर्त हैं वैसे हरेक बच्चा विश्व के आधारमूर्त हैं। जो कर्म आप करेंगे, वह सभी करेंगे। संगम पर जो रस्म चलती है, भक्तिमार्ग में बदलकर चलती है। सारे विश्व के आप आधारमूर्त हो। हरेक को अपने को आधारमूर्त समझना है।

..2 दूसरा उद्धारमूर्त बनना है। जितना अपना उद्धार करेंगे उतना औरों को भी उद्धार कर सकेंगे। जितना औरों का उद्धार करेंगे उतना अपना भी उद्धार करेंगे। अपना उद्धार नहीं करेंगे तो औरों का कैसे करेंगे। औरों का उद्धार तब करेंगे जब उद्धारमूर्त बनेंगे। छोटे होते भी कर्तव्य बाप के समान करना है। यह याद रखने से समानता आएगी।

**प्रश्न 4 :- टीका लगाने के कौन से दो राज है ?**

उत्तर 4 :- एक है शक्तिशाली बनने का और दूसरा है सदा सुहाग और भाग्य में

स्थित रहने का। दोनों टीका बापदादा लगाते हैं। निशानी एक, राज़ दो हैं। यह दोनों टीका लगाने हैं...

..1 यह टीका (इंजेक्शन) सदा माया के रोगों से निवृत्त रहने का टीका है। सदा तंदुरुस्त रहने का भी टीका है।

..2 जो बातें सुनी उन बातों में टिकने की निशानी टीका है। टीका भी मस्तक में टिक जाता है। तो बुद्धि में यह बातें टिक जाएँ इसलिए यह टीका दिया जाता है।

प्रश्न 5 :- पास विद ऑनर किसको कहते हैं ?

उत्तर 5 :- इसको कहते हैं पास विद ऑनर...

..1 अर्थात् मन में भी संकल्पों से सजा न खाएं।

..2 धर्मराज की सजाओं की तो बात पीछे हैं। परन्तु अपने संकल्पों की भी उलझन अथवा सजाओं से परे।

..3 अपनी गलती से स्वयं को सजा देते हैं। उलझते हैं, पुकारते हैं, मूँझते हैं इससे भी परे।

..4 संकल्पों में भी न उलझें। वाणी, कर्म, सम्बन्ध, संपर्क की बात छोड़ दो। वह तो मोटी बात है।

FILL IN THE BLANKS:-

( औरों, आप, वृत्ति, देह, अनुभव, अपने, जादू, डिब्बियां, कोमल, आत्मिक, दिव्य, ईश्वरीय, चरित्र, अलौकिक, अभिमान )

1 बाप समान बनेंगे तब ही ______ को भी बाप समान बना सकेंगे। ______ ______ से पूछो कि दृष्टि बाप समान बनी है? वाणी और संकल्प बाप समान बने हैं?

.. औरों / अपने / आप

2 ______ दृष्टि, ______ दृष्टि और ______ दृष्टि बनी है? जहाँ देखते, जिसको देखते वह आत्मिक स्वरूप ही दिखाई दे। ऐसी दृष्टि बदली है?

.. आत्मिक / दिव्य / अलौकिक

